प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

One day Training Workshop On "ईलाज के दौरान विपरीत घटनाओं (चिकित्सकीय लापरवाही) के प्रकरणों में पुलिस कार्यप्रणाली को जागरूक, संवेदनशील व सम्यक् बनाने हेतु"

दिनांक 04-05-2023

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **04-05-2023** को **One day Training Workshop On** ईलाज के दौरान विपरीत घटनाओं (चिकित्सकीय लापरवाही) के प्रकरणों में पुलिस कार्यप्रणाली को जागरूक, संवेदनशील व सम्यक् बनाने हेतु कार्यशाला विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का कार्यक्रम न्यू आरपीएस क्लास रूम में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से **24** प्रतिभागियों जिसमें **05** पुलिस निरीक्षक एवं **19** उप निरीक्षक ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दिन **10:00-10:15AM** तक श्री कैलाश चन्द्र जाट, उप महानिरीक्षक, आरपीए, जयपुर द्वारा न्यू आरपीएस क्लास रूम में उद्घाटन किया गया। उसके बाद कोर्स में प्रतिभागियो का ग्रुप फोटो व पंजीकरण करवाया गया।

कार्यशाला के प्रथम दिन के प्रथम सत्र में डॉ0 दीपाली पाठक, एसएमएस, जयपुर ने ईलाज के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही के संबंध में विधिक प्रावधान (आईपीसी/स्पेशल एक्ट/सीआरपीसी) व अनुसंधान के महत्वपूर्ण पक्ष/बिन्दु के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्री दिनेश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सिविल राईट्स, पुलिस मुख्यालय, जयपुर ने दौसा प्रकरण

से पुलिस कार्यप्रणाली/अनुसंधान के संबंध में सीखने योग्य बिन्दु और अनुसंधान अधिकारी व सुपरवाइजरी आफिसर के लिये Do’s and Don’ts के बारे में बताया। तृतीय सत्र में श्री देवेन्द्र कुमार विश्नोई पुलिस अधीक्षक, (यातायात) पुलिस मुख्यालय, जयपुर ने चिकित्सकीय लापरवाही/ईलाज के दौरान विपरीत घटनाओं के संबध में प्रचलित आदेश/परिपत्र/न्यायिक निर्णय आदि के बारे में बताया।

श्री शिवराज मीणा, उप महानिरीक्ष, ह्ूमन राईट्स जयपुर के मुख्य अतिथित्य में कोर्स के समापन सत्र का आयोजन किया गया, जिनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कोर्स के अन्त में कोर्स डायरेक्टर श्रीमती नीलिमा अग्निहोत्री, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स का विधिवत समापन किया गया।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक